# टेस्ट हार का बदला लेने उतरेगा भारत

## रोहित-कोहली के दम पर भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला एक दिवसीय आज

**रांची, 29 नवम्बर. झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाना है.**

यह मुकाबला काफी खास माना जा रहा है क्योंकि टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं, जिससे भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी. कप्तानी केएल राहुल करेंगे जबकि टीम बिना शुभमन गिल, श्रेयस

- गिल, अय्यर और बुमराह के बिना उतरेगी टीम इंडिया
- एक दिवसीय में भारतीय टीम का पलड़ा भारी

अय्यर और जसप्रीत बुमराह के खेलेगी. दोनों टीमें मुकाबले से पहले जबरदस्त अभ्यास में लगी हुई हैं ताकि वे मैच में अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल कर सकें.

दोनों टीमों के बीच वनडे मैचों का इतिहास काफी टक्कर का रहा है. अब तक कुल 58 वनडे मुकाबले खेले गए हैं जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने 30 मैच जीते हैं जबकि भारत 27 बार विजेता रहा है. इस बार भारत 3-0 से जीतकर क्रिकेट में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है और टेस्ट सीरीज की हार का बदला लेना चाहता है.



भारत और दक्षिण अफ्रीका ने 2023 में भी तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली थी, जिसमें भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी. घरेलू मैदान पर भारत ने पिछले 15 सालों में वनडे में 71 प्रतिशत मैच जीते हैं जो भारतीय टीम के लिए एक बड़ी ताकत है.

पिछले मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने 25 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीतकर अपनी ताकत दिखाई है. लेकिन वनडे में भारत का पलड़ा भारी माना जाता है. रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत ने अब तक 6 वनडे मैच खेले हैं, जिनमें 3 में जीत हासिल की है. इस बार का मैच धोनी के शहर में होने वाला है, जो भारतीय टीम के लिए शुभ माना जाता है. जेएससीए स्टेडियम का मैदान और वहां के दर्शकों का उत्साह भारतीय खिलाड़ियों को खास ऊर्जा देता है.

तीनों मुकाबले 30 नवंबर, 3 दिसंबर और 6 दिसंबर को क्रमश: रांची, रायपुर और विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे.

### माही भाई मैच देखने आते हैं तो वह पल हमारे लिए बहुत खास होगा



भारतीय टीम के कप्तान केएल राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि रांची में खेलना हमेशा खास रहा है, क्योंकि यह शहर क्रिकेट की धड़कनों से भरा हुआ है. उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, ''यह महेंद्र सिंह धोनी का शहर है... यहां क्रिकेट नस-नस में दौड़ता है. अगर माही भाई स्टेडियम में मैच देखने आते हैं, तो वह पल हमारे लिए बहुत खास होगा. यहां दर्शकों का समर्थन हमेशा जबरदस्त रहता है.'' राहुल के इस बयान ने प्रेस रूम में मौजूद पत्रकारों के चेहरे पर भी मुस्कान ला दी. पत्रकारों द्वारा किए गए सवालों का जवाब देते हुए राहुल ने टीम संयोजन, विकेटकीपिंग विकल्प और स्पिनर्स के खिलाफ टीम की चुनौतियों पर भी खुलकर बात की. ऋषभ पंत की भूमिका पर पूछे गए सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि अंतिम निर्णय मैच के दिन ही होगा.

# अजलान शाह कप के फाइनल में भारत

**इपोह( मलेशिया), 29 नवंबर (वार्ता) एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को कनाडा को 14-3 से रौंदकर पूल शीर्ष पायदान के साथ सुल्तान अजलान शाह कप के फाइनल में जगह बना ली है.**

- कनाडा को 14-3 से रौंद पूल में शीर्ष पर
- आखिरी क्वार्टर में सबसे ज्यादा 6 गोल हुए



मैच की शुरुआत चौथे मिनट में नीलकांत शर्मा के गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई. इसके बाद पदार्पण के बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे राजिंदर सिंह ने 10वें मिनट में गोल किया. अगले ही मिनट में कनाडा के ब्रेंडन गुरलियुक ने गोल दागकर जवाबी हमला किया. अगले कुछ मिनटों में जुगराज सिंह और अमित रोहिदास ने क्रमश: 12वें और 15वें मिनट में दो और गोल किए. दूसरे क्वार्टर में राजिंदर ने 24वें मिनट में, दिलप्रीत सिंह ने 25वें मिनट में और जुगराज ने 26वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया. 7-1 से आगे चल रही भारतीय टीम को कोई रोक नहीं पा रहा था, लेकिन कनाडा ने तीसरे क्वार्टर में अपने अटैक में थोड़ा बदलाव किया, जिससे 35वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला. मैथ्यू सरमेंटो ने इसे पोस्ट में डालने में कोई गलती नहीं की और स्कोर 7-2 कर दिया. इस बीच, जुगराज ने इस क्वार्टर में 39वें मिनट में गोल करके अपनी हैट्रिक बनाई, और सेल्वम कार्ति ने 43वें मिनट में गोल करके भारत की बढ़त को 9-2 तक पहुंचा दिया. आखिरी क्वार्टर बस एक फॉर्मेलिटी था, लेकिन यहीं पर सबसे अधिक छह गोल हुए. यह सब 46वें मिनट में अमित रोहिदास के पेनल्टी कॉर्नर से शुरू हुआ, जिसके बाद 50वें मिनट में जुगराज के पेनल्टी स्ट्रोक से हुआ. दोनों टीमों ने पेनल्टी कॉर्नर मिले और इस दौरान कनाडा ने भी एक और गोल किया. ज्योतस्वरूप सिद्धू के गोल से स्कोर 11-3 हो गया. संजय ने 56वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से गोल करके स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया, जबकि अभिषेक ने 57वें और 59वें मिनट में दो गोल करके मैच को 14-3 से जीत के साथ खत्म किया.

### भारतीय जू. पुरुष टीम ने चिली को रौंदा

**चेन्नई, 29 नवंबर.** भारतीय हॉकी टीम ने पूल बी के मुकाबले में चिली के खिलाफ 7-0 से शानदार जीत के साथ एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 में अपने अभियान की शुरुआत की. चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार को टूर्नामेंट का उद्घाट समारोह का आयोजन किया गया. टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में भारतीय टीम के लिए रोसन कुजूर ने (16वें, 21वें), दिलराज सिंह ने (25वें, 34वें), अजीत यादव (35वें), अनमोल एक्का ने (48वें) और रोहित (59वें) ने गोल किए. इस बीच, इंडियन गोलकीपर विक्रमजीत सिंह और प्रिंस दीप सिंह ने बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए क्लीन स्लेट बनाए रखा. 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद, भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत 16वें मिनट में एक तेज गोल के साथ शानदार तरीके से की. रोसन कुजूर ने यह गोल दागकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई. 21वें मिनट में रोसन ने फिर से गोलकर टीम की बढ़त लगभग तुरंत दोगुना कर दिया. इसके बाद दिलराज सिंह ने 25वें मिनट में एक गोल करके भारत को तीसरे क्वार्टर में जाने से पहले 3-0 की मजबूत बढ़त दिला दी. भारत का चौथा गोल 34वें मिनट में आया जब अंकित पाल ने बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए चिली के तीन रक्षकों को छकाते हुए दिलराज को सर्कल के अंदर पहुंचाया. अगले ही मिनट में, अजीत यादव ने एक शानदार गोल करके स्कोर 5-0 कर दिया. आखिरी क्वार्टर में अनमोल एक्का ने 48वें और 59वें में भारत ने अपना सातवां गोल कर दिया.

## एक नजर में



### राष्ट्रपति ने महिला ब्लाइंड टीम का किया सम्मान

**नयी दिल्ली.** देश के गौरव के एक ऐतिहासिक पल में, भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में विश्व चैम्पियन महिला ब्लाइंड टीम का गर्मजोशी से खास स्वागत किया। माननीय प्रधानमंत्री के साथ उनकी यादगार बातचीत के बाद - एक ऐसा अनुभव जिसने टीम को बहुत प्रेरित और उत्साहित किया - राष्ट्रपति के साथ यह मुलाकात एक और बड़ा मील का पत्थर साबित हुई। फर्स्ट सिटीजन, जो एक असाधारण कद और लीडरशिप वाली महिला हैं, द्वारा स्वागत किए जाने से इस मौके की अहमियत और बढ़ गई। राष्ट्रपति मुर्मू ने चैंपियंस की उनके अटूट हिम्मत, पक्के इरादे और असाधारण भावना की तारीफ की, जिसने उन्हें दुनिया भर में नाम दिलाया। टीम ने उन्हें एक ऑटोग्राफ वाला बैट दिया - वही बैट जो उनके वर्ल्ड कप फाइनल जीतने में इस्तेमाल हुआ था, जो उनकी हिम्मत और जीत की निशानी है। एक खास अंदाज में, प्रेसिडेंट ने उन्हें एक खास ऑटोग्राफ वाली क्रिकेट बॉल गिफ्ट की, साथ ही हर खिलाड़ी के लिए बड़े, सिंबॉलिक मेमेंटो भी दिए, जिन पर रिपब्लिक ऑफ इंडिया की तरफ से उनका आशीर्वाद और शुभकामनाएं थीं।

### शांत कुमार-वेंकटेश प्रसाद के बीच होगी टक्कर

**बेंगलुरु.** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शनिवार को शांत कुमार की उम्मीदवारी को बहाल कर दिया है. इसी के साथ अब आगामी कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए टीम बृजेश के केएन शांत कुमार और वेंकटेश प्रसाद के बीच सीधा मुकाबला होगा. न्यायालय ने चुनाव अधिकारी के 24 नवंबर के फैसले को चुनौती देने वाली शांत कुमार की याचिका को मंजूरी दी. शांत कुमार की उम्मीदवारी को तकनीकी आधार पर इसलिए रद्द कर दिया गया था कि डेक्कन हेराल्ड और प्रजावाणी स्पोर्ट्स क्लब का 200 रूपया का बकाया था, जोकि केएससीए के सदस्य हैं. कर्नाटक हाई कोर्ट ने शांत कुमार को फिर से वैलिड कैंडिडेट के तौर पर बहाल कर दिया है, क्योंकि हाल ही में उनका नॉमिनेशन टेक्निकल ग्राउंड्स पर रिजेक्ट कर दिया गया था. कैंडिडेट्स की स्क्रूटनी इलेक्टोरल ऑफिसर डॉ. बी. बसवराजू, आईएएस (रिटायर्ड) ने की, और यह काम हाई कोर्ट द्वारा अपॉइंट किए गए रिटायर्ड हाई कोर्ट जज जस्टिस सुभाष बी. अदी की देखरेख में हुआ. प्रसाद के निर्विरोध चुने जाने की उम्मीद थी, क्योंकि पद की अन्य उम्मीदवार कल्पना वेंकटचार ने अपना नाम वापस ले लिया था शांत कुमार ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और फैसला पलटवाने में कामयाब रहे .उम्मीदवारों की अंतिम सूची आज जारी होने की उम्मीद है. हाई कोर्ट के निर्देश के अनुसार केएससीए का चुनाव सात दिसंबर को होगा.

### टिकट ब्लैक करने वाले तीन गिरफ्तार

**रांची.** पुलिस ने जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को होने वाले एकदिवसीय मैच से एक दिन पहले गैर-कानूनी तरीके से मैच की टिकट बेच रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, धुर्वा पुलिस को मिली एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस के विशेष दस्ते ने थाना इंचार्ज विमल किंडो की अगुवाई में छापेमारी की और आरोपियों को अलग-अलग कीमत के 13 टिकटों के साथ रंगे हाथों पकड़ा। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अरविंद सिंह (58), प्रियांशु राज (18), सुधीर कुमार (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से 1200 रुपये, 1600 रुपये और 1700 रुपये कीमत के कुल 13 टिकट जब्त की है जिनकी कीमत कई हजार रुपये थी। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने गैंग के तौर पर काम करने की बात कबूल की। आरोपी टिकट काउंटर पर मजदूरों और हेल्परों को रिश्वत देकर और टिकट खरीदते थे, जिन्हें वे बाद में प्रशंसकों को असली कीमत से दोगुने या तिगुने दाम पर बेचते थे। उनके बयानों के आधार पर पुलिस ने विशाल चिक्की, जितेंद्र जायसवाल, अमित टोबो, संतोष कुमार, ऋतिक सिंह, मनीष कुमार और सुमित समेत 10 और लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बाकी आरोपियों को ढूंढने और गिरफ्तार करने प्रयास किया जा रहा हैं।

# आज के बल्लेबाजों में सब्र की कमी : कपिल देव

## दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से हार के बाद छलका पूर्व भारतीय कप्तान का दर्द

**नई दिल्ली ,29 नवम्बर. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 0-2 की हार के बाद टीम इंडिया और मुख्य कोच गौतम गंभीर पर सवालों की बौछार**

- द्रविड़-लक्ष्मण जैसे बल्लेबाज नहीं
- टीम इंडिया और गंभीर पर सवालों की बौछार

**जारी है.**

सौरव गांगुली और हरभजन सिंह जैसे दिग्गज पहले ही रणनीति पर चिंता जता चुके हैं. अब पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने टीम को कड़ा रिएलिटी चैक देते हुए कहा है कि भारत के पास आज राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण जैसे बल्लेबाज नहीं हैं, जो मुश्किल पिचों पर टिककर खेलने की क्षमता रखते थे. गुवाहाटी टेस्ट में 408 रनों की करारी हार के साथ दक्षिण अफ्रीका ने 25 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीती. इससे पहले कोलकाता टेस्ट में भी टीम इंडिया 30 रनों से हारी थी, जिसके बाद नेतृत्व और तकनीक पर गहन सवाल उठे.



स्पोर्टस्टार से बातचीत में कपिल देव ने बताया कि भारत सीम और स्पिन मददगार पिचों पर खेलने में कमजोर होता जा रहा है, क्योंकि टीम का फोकस टी20 और वनडे पर ज्यादा है. उन्होंने कहा, 'टेस्ट बल्लेबाजी का मतलब है टिके रहना. ऐसे बल्लेबाज अब कम दिखते हैं.' कपिल ने ऋषभ पंत का उदाहरण देते हुए कहा कि हर खिलाड़ी का नेचर अलग होता है—पंत से आप डिफेंस की उम्मीद नहीं कर सकते, लेकिन वह मैच-विनर है और खेल का रुख बदल सकता है. कपिल देव के मुताबिक, फुटवर्क, धैर्य और विविध परिस्थितियों में खेलने की क्षमता ही टेस्ट क्रिकेट की असली परीक्षा है, और भारत को इसी पर दोबारा काम करने की जरूरत है.

### एमआई एमिरेट्स के कप्तान होंगे पोलार्ड

**दुबई, 29 नवंबर.** कीरोन पोलार्ड को आईएल टी20 के आने वाले सीजन के लिए एमआई एमिरेट्स का कप्तान घोषित किया गया है, जो 2 दिसंबर से शुरू होगा।38 साल के पोलार्ड को लीग के पहले ऑक्शन के बाद, निकोलस पूरन के साथ एमआई ने वाइल्डकार्ड के तौर पर चुना था। पोलार्ड आईएल टी20 में कप्तान के तौर पर पूरन की जगह लेंगे, और पूरन एसए20 में एमआई केप टाउन के लिए भी खेलेंगे, जिसमें दोनों लीग कुछ हद तक टकरा रही हैं। 720 मैच खेल चुके पोलार्ड टी20 क्रिकेट में सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं.

# मनिका और मानव करेंगे भारत की अगुवाई

**चेंगदू (चीन), 29 नवंबर.** पूर्व राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन मनिका बत्रा और मानव ठक्कर आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्वकप 2025 टेबल टेनिस टूर्नामेंट में आठ सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे.

- आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्वकप 2025 टेबल टेनिस टूर्नामेंट

चीन के चेंगदू में रविवार से शुरु होने वाला मिश्रित टीम विश्व कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट का तीसरा एडिशन होगा. यह पहली बार है जब मनिका बत्रा इस टूर्नामेट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी. सिचुआन जिम्नेजियम लगातार तीसरे साल इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा. कल से शुरु हो रहे इस टूर्नामेंट में मनिका और मानव के अलावा, ओलंपियन जी सत्यन भी भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों की टीम का हिस्सा हैं.



**टीम इस प्रकार है:-** मानव ठक्कर (पुरुष), आकाश पाल (पुरुष), जी सत्यन (पुरुष), पायस जैन (पुरुष), मनिका बत्रा (महिला), दिया चितले (महिला), यशस्विनी घोरपड़े (महिला) और स्वास्तिका घोष (महिला).



विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप

# यूपी के गुरु-शिष्य की जोड़ी ने लहराया जीत का परचम

**लखनऊ 29 नवम्बर. श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में आगरा जिले के इटौरा स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र और कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया है.**

- गुरु हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में जीता सोना
- युवा छात्र रमन ने 56 किग्रा भार वर्ग में जीती चांदी

हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया, जबकि युवा छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया.

वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में 40 से अधिक देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं. इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर, गुरु और शिष्य की जोड़ी ने देश को गौरान्वित किया. शिक्षक हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया. वहीं छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता.

प्रदेश सरकार की खेल नीतियों के कारण दोनों खिलाड़ियों का चयन हाल ही में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उनके दमदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ था. हरीश चंद्र ने सीनियर 77 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीतने के साथ ही डेडलिफ्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था, जबकि रमन कुमार ने सब-जूनियर 56 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीता था.

सजा पर फैसला | पर्थ टेस्ट ऑस्ट्रेलिया में 93 सालों में सबसे छोटा टेस्ट था

# सीए ख्वाजा से 'बकवास' पिच कमेंट्स के लिए सफाई मांगेगा

**मेलबर्न, 29 नवंबर . क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अधिकारी इस हफ्ते उस्मान ख्वाजा से मिलेंगे और ओपनर से पर्थ की पिच की आलोचना पर सफाई मांगेंगे, क्योंकि वे**

**एशेज टेस्ट में मात्र 847 गेंदें फेंकी गई थीं**

**इस बात पर सोच रहे हैं कि इसे 'बकवास' कहने के लिए उन्हें सज़ा दी जाए या नहीं.**

ख्वाजा ने शुक्रवार को तब सबका ध्यान खींचा जब उन्होंने पहले टेस्ट के लिए पिच पर कमेंट किया, ठीक एक दिन पहले आईसीसी ने इसे 'बहुत अच्छी' की सबसे ज़्यादा रेटिंग दी थी. उस्मान ख्वाजा फाउंडेशन के लिए एक फंडरेज़िंग लंच में बोलते हुए, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की आठ विकेट से जीत के दौरान विकेट के अलग-अलग बाउंस की आलोचना की. उन्होंने यह भी बताया कि इस साल इंग्लैंड के खिलाफ पहले दिन 19 विकेट गिरे थे, और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सीरीज के पहले मैच में 17 विकेट गिरे थे. माना जा रहा है कि सीए के अधिकारी इस बात से निराश हैं, और गाबा में दूसरे एशेज टेस्ट से पहले कैंप में ख्वाजा से बात करेंगे. पर्थ टेस्ट ऑस्ट्रेलिया में 93 सालों में सबसे छोटा टेस्ट था, और देश में अब तक का दूसरा सबसे छोटा टेस्ट था, जिसमें पूरे मैच में सिर्फ 847 गेंदें फेंकी गईं.



अधिकारियों के साथ ख्वाजा की बातचीत में टॉप ऑर्डर में उनकी जगह पर दबाव है, साथ ही पर्थ में उनकी फिटनेस और फॉर्म दोनों को लेकर चिंता है. पीठ में ऐंठन की वजह से वह पर्थ में दोनों इनिंग्स में ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग नहीं कर पाए, जिससे ट्रैविस हेड को चौथी इनिंग्स में मैच जिताने वाला शतक बनाने का मौका मिला. ख्वाजा को भरोसा है कि वह ब्रिस्बेन में खेलने के लिए फिट हो जाएंगे, क्योंकि उनकी पीठ में सुधार हुआ है, साथ ही उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि उन्होंने टीम से बाहर किए जाने और हेड को ओपनिंग करने के लिए ऊपर भेजने की मांग पर ध्यान नहीं दिया था.

### स्टोक्स पर्थ में मिली हार से वापसी करने को तैयार



**ब्रिस्बेन.** पर्थ में ऑस्ट्रेलिया की जबरदस्त जीत ने इंग्लैंड को सोचने के लिए बहुत कुछ दिया, लेकिन उनके कप्तान बेन स्टोक्स 2010-11 में एंड्रयू स्ट्रॉस की जीत के बाद एशेज जीतने वाले पहले इंग्लैंड कप्तान बनने के अपने सपने को नहीं छोड़ रहे हैं. स्टोक्स ने रिपोर्टर्स से कहा, 'हम जानते हैं कि उस पहली हार के बाद इंग्लैंड में बहुत सारे निराश फैंस होंगे. लेकिन यह पांच मैचों की सीरीज है, और हमें चार मैच और खेलने हैं. हम पहला मैच हार चुके हैं, हम सीरीज शुरू होने से पहले ही उस लक्ष्य के साथ घर लौटने के लिए पूरी तरह बेताब हैं, जो कि एशेज जीतना है.' स्टोक्स ने अच्छी बातों पर ध्यान दिया, यह बात कि उनकी टीम ने पहली इनिंग में अच्छी बढ़त हासिल की और एक समय पर तीसरी इनिंग में बड़ी बढ़त की ओर बढ़ रही थी, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि टीम ने ऐसे 'मोमेंट्स' पहचाने थे जहां वे गेम में पीछे रह गए थे. स्टोक्स ने कहा, 'हमने उस टेस्ट में कुछ कमाल की चीजें कीं. जिस तरह से हमने पहली इनिंग में बॉलिंग की, और हम तीसरी इनिंग में 1 विकेट पर 100 रन पर थे, और बोर्ड पर ऐसा स्कोर बनाया जिसे हमें लगा कि निश्चित रूप से डिफेंड किया जा सकता है.'